प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार आठ जुलाई को विधानसभा में हासिल करेगी विश्वास मत, नौ जुलाई को मंत्रियों का हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह।

2- डॉ विद्युत रंजन सारंगी बने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलायी शपथ।

3- देवघर, धनबाद और कोडरमा समेत राज्य के 12 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण 10 जुलाई तक बारिश का सिलसिला रहेगा जारी।

4- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाडियों के दल का बढ़ाया हौसला, झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन की जतायी प्रतिबद्धता।

*********************

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद आयोजित होने की संभावना है। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को शामिल किये जाने की भी संभावना है।

*********************

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में दूसरी बार मुख्यमंत्री बदलने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की आलोचना की। हेमंत सोरेन के बयान पर पलटवार करते हुए श्री चौहान ने कहा कि भाजपा न तो किसी को परेशान करती है और न ही बचाती है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। रांची में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री बनना घोर भाई–भतीजावाद और सत्ता की भूख का उदाहरण है। इससे पहले बीजेपी का नाम लिए बिना हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया था कि विपक्ष ने झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल में डाल दिया।

*********************

ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ विद्युत रंजन सारंगी ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में आज शपथ ली। सुबह पौने दस बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में उन्हें शपथ दिलायी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को डॉ. सारंगी को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाने की अनुशंसा की थी। 20 जुलाई 1962 को जन्मे डॉ. सारंगी ने बीजेबी कॉलेज भुवनेश्वर से कॉमर्स में स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद एमएस लॉ कॉलेज कटक से एलएलबी ऑनर्स गोल्ड मेडल के साथ पास किया।

*********************

विधानसभा चुनाव को देखते हुए चतरा जिले में जर्जर मतदान केंद्रों के नाम और स्थान बदले जायेंगे। चतरा विधानसभा क्षेत्र के 15 और सिमरिया विधानसभा के 7 मतदान केंद्रों के स्थान और नाम में परिवर्तन किया जायेगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर इस प्रस्ताव को निर्वाचन आयोग को भेजा गया है।

*********************

देवघर में 22 जुलाई से शुरु हो रहे राजकीय श्रावणी मेला को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने कल पांडा धर्मरक्षणी सभा और तीर्थ पुरोहित समाज के साथ बैठक की। बैठक में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के सरदार पांडा पंडित गुलाब नंदू ओझा भी मौजूद रहे। बैठक में मंदिर की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा, के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा पर चर्चा हुई। इसके साथ ही श्रावणी मेला के दौरान शीघ्र दर्शनम की राशि पांच सौ रुपये की जगह छह सौ एवं आम दिनों में ढाई सौ रुपये की जगह तीन सौ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

*********************

गोड्डा जिले के सुदूर ठाकुरगंगटी प्रखंड में बायो डायवर्सिटी पार्क का निर्माण कराया जाएगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

गिरिडीह जिले के शहरी क्षेत्र में यातायात की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए पहल शुरु कर दी गयी है। इस सिलसिले में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विस्पुते ने बस एसोसिएशन, टेंपो संघ, वेंडरों, सिविल सोसायटी और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उपनगर आयुक्त विशालदीप खलको, एसडीपीओ विनोद कुमार रवानी, डीएसपी कौसर अली, डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बड़ा चौक से गांधी चौक तक सड़क के किनारे सब्जी बेचने वाले फुटपाथी दुकानदारों को हटाकर वेंडर जोन में शिफ्ट किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के अन्य इलाकों से भी सब्जी बेचने वालों और ठेला– खोमचा लगाने वालों को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा।

********************

गिरिडीह जिले में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। एक ट्रक के जरिये इसे बिहार भेजने की तैयारी थी। उत्पाद विभाग ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पपरवाटांड के पास से ट्रक को जब्त किया है।

********************

टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की है। इस सिलसिले में जमशेदपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गयी है। इसके तहत कल बाग–ए–जमशेद के पास बिरूपा रोड पर अमलतास और महोगनी के 50 से अधिक पौधे लगाए गए। यह अभियान सात जुलाई तक जारी रहेगा।

********************

जमशेदपुर के साकची में रेलवे रिजर्वेशन टिकट काउंटर स्थापित कर दिया गया है। इसका उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने किया। इस मौके पर श्री सहिस ने कहा कि टिकट काउंटर खुलने से जमशेदपुर के आसपास के लोगों को काफी सुविधा होगी।

********************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने कहा है कि आज और कल झारखंड में लगभग सभी जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। राज्य के उत्तर–पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने का भी पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक आज रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले में कहीं–कहीं गरज के साथ भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने कहा है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण 10 जुलाई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश के आसार हैं।

********************

चतरा जिले में मानसून की सक्रियता से किसान उत्साहित हैं। किसान पूरे जोर शोर से खेती बारी में जुट गये हैं। खेतों में धान के बिजड़े डाली जाने लगी हैं। किसानों को पैक्स के माध्यम से बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिले के सहकारिता पदाधिकारी लोक नाथ महतो ने बताया कि चतरा जिले में पैक्स को प्रथम चरण में 120 क्विंटल धान बीज उपलब्ध कराया गया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओलंपिक के लिए पेरिस जाने वाले भारतीय खिलाडियों के दल के साथ संवाद कियाा। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि वे आश्र्वस्त हैं कि एथलीट अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत को गौरवान्वित करेंगे।

इस दौरान खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किया। झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी ने ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

*******समाप्त*******